आकाशवाणी श्री विजयपुरम

25.09.2026 समय : 1905

1. मेक इन इंडिया के 12 साल पूरे, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर बल दिया।

2. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना–2.0 के तहत नौ लाख ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देने का अभियान अक्टूबर से शुरू होगा।

3. मेरा युवा भारत की हिंदी संगोष्ठी में पद्मश्री नरेश चंद्र लाल ने स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया।

4. दक्षिण अंडमान में नशा विरोधी जागरूकता अभियान के तहत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन, 28 सितंबर से शुरू होगा।

<><><><><><><>

मेक इन इंडिया पहल के आज 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। वर्ष 2014 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया से उत्पादन, निवेश और निर्यात को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि देश में इलेक्ट्रॉनिक्स का उत्पादन 2014–15 के एक लाख 90 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2025–26 में 13 लाख 11 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इसी अवधि में रक्षा उत्पादों का घरेलू उत्पादन छियालीस हजार 429 करोड़ रुपये से बढ़कर एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रुपये पहुंच गया।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना–2.0 के तहत अक्टूबर से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 70 हजार ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, यह केंद्र प्रायोजित योजना गरीब ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जुड़े कौशल का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण की अवधि तीन से 12 महीने तक है। योजना में शामिल 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दो वर्ष के लिए नौ लाख से अधिक प्रशिक्षण का लक्ष्य दिया गया है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में आज 'स्वच्छता ही सेवा–2026' अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप महानिदेशक सी. सुब्बा राव, उप निदेशक डी. नरसिम्हा और सहायक निदेशक दीपक चंद्र तिवारी सहित आकाशवाणी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और परिसर में श्रमदान किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों की साफ–सफाई की। इस दौरान सभी ने स्वच्छता शपथ भी ली, जिसमें महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने, स्वयं स्वच्छ रहने और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। शपथ में हर वर्ष 100 घंटे, यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने, अपने घर, परिवार, मोहल्ले, गांव और कार्यस्थल से स्वच्छता की शुरुआत करने तथा गंदगी न करने और न करने देने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया।

<><><><><><><>

मेरा युवा भारत, श्री विजयपुरम की ओर से हिंदी पखवाड़ा 2026–27 के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल सभागार में हिंदी संगोष्ठी और नारा लेखन, कविता तथा पत्र लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भी मनाई गई। कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित नरेश चंद्र लाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना अपनाने का आह्वान किया। सेवानिवृत्त दानिक्स अधिकारी गोविंद राम ने दैनिक और कार्यालयीन कार्यों में सरल हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया। जेएनआरएम की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू नायर ने साहित्य के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

शराब और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन और खेल एवं युवा मामलों के निदेशालय की ओर से डीसी–एसपी कप बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शाम 5 से रात 9 बजे तक नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय सभागार में होगी। इस प्रतियोगिता में ओपन पुरुष, महिला, बालक और बालिका डबल्स मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान शाखा द्वारा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए आयुष्मान भारत–हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के तहत हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेस्डर पर तीनों जिलों के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के पीजीटी, जीटीटी और पीईटी के लिए तीन दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन राजकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एबरडीन, श्री विजयपुरम के सभागार में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आज, शिक्षा निदेशालय के निदेशक आदित्य सांगोत्रा द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान, मुख्य अतिथि ने बच्चों के शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और मानसिक कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए उनके समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के प्रति अधिक जागरूकता और प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

जे एन आर एम कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग और एनएसएस यूनिट–1 की ओर से 9 से 19 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया। इस दौरान स्लोगन लेखन, वॉकाथॉन, क्विज, पोस्टर निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोटापे और कुपोषण के प्रति जागरूक किया। समापन अवसर पर जे एन आर एम की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने पोषण अभियान की शपथ दिलाई।

<><><><><><><>

बिजली विभाग ने मुर्दाखाड़ी के पास एचटी केबल में जॉइंट बदलने और शिवाजी कॉलोनी, गराचरामा के पास एल टी लाइन स्थानांतरित करने के कारण कल सुबह साढ़े 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना दी है। इससे लक्ष्मी मोटर, शिवाजी कॉलोनी, टीआर हाउसिंग, एमआर हाउसिंग, गराचरामा बस्ती, सुसान रोज, गराचरामा मेडिकल, काली मंदिर, टीटीआई रोड, पंप हाउस, मुर्दाखाड़ी, आई एम एफ सी, एजेंसी हाउस, गराचरामा और पांच मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विभाग ने बताया कि काम निर्धारित समय से पहले पूरा होने पर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान विधि महाविद्यालय और कंज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में अंतिम वर्ष के विधि विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन महीने का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम संपन्न हो गया। शनिवार को आयोजित 12 ऑनलाइन कक्षाओं में विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, संबंधित कानूनों और उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में शिकायतों की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता मामलों में व्यावहारिक जानकारी और पेशेवर नैतिकता से अवगत कराया। समापन सत्र में कंज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. पी.वी.वी.एस. मूर्ति ने अंडमान लॉ कॉलेज के सहयोग से राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने की घोषणा की।

<><><><><><><>

निकोबार डिवीजन के प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय ने जी एन आई परियोजना के तहत विभिन्न संरक्षण योजनाओं और उनकी निगरानी के लिए तकनीकी कर्मियों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है और इच्छुक पात्र उम्मीदवार 16 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। पदों की संख्या, शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा और अन्य पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी पर्यावरण एवं वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>